भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1333
दिनांक 11 फरवरी, 2025

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग को निधि आवंटन

1333. **श्री सचिदानन्दम आर. :**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 2014-23 के दौरान कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के लिए बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय सहित आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या निधियों के आवंटन में वर्ष-दर-वर्ष कमी आ रही है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) अनुसंधान और विकास के लिए कम होती निधियों से कृषि क्षेत्र में अपेक्षित विकास की आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जा सकता है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख): वित्तीय वर्ष 2014-2023 के दौरान कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के लिए आबंटित निधि का ब्यौरा बजट अनुमान (बीई), संशोधित अनुमान (आरई) और वास्तविक व्यय सहित निम्नानुसार है :

(रु. करोड़ में)

वर्ष	**बजट अनुमान (बीई)**	**संशोधित अनुमान (आरई)**	**वास्तविक व्यय**
2014-15	6144.39	4884.00	4840.03
2015-16	6320.00	5586.00	5572.90
2016-17	6620.00	6238.00	5995.21
2017-18	6800.00	6992.00	6989.92
2018-19	7800.00	7952.73	7943.59
2019-20	8078.76	7846.17	7844.98
2020-21	8362.58	7762.38	7685.52
2021-22	8513.62	8513.62	8439.94
2022-23	8513.62	8658.89	8578.17
2023-24	9504.00	9876.60	9804.39

पिछले लगातार वर्षों से बजट परिव्यय में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 के दौरान संशोधित प्राक्कलन (आरई) में मामूली कमी आई थी।

(ग): पिछले दशक के दौरान, विभाग ने उपलब्ध संसाधनों के इष्टतम उपयोग के माध्यम से और अनुसंधान गतिविधियों को प्राथमिकता देकर मामूली वृद्धि का अधिकतम उपयोग करने का प्रयास किया है। इससे कृषि और समवर्गीय क्षेत्रों में विभाग अपने अनुसंधान एवं विकास तथा परिचालन संबंधी गतिविधियों को निष्पादित करने से संबंधित चुनौतियों का सामना करने और अपनी प्रक्रियाओं को पुन: निरूपित (री-एलाइनिंग) करके अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में सक्षम हुआ है।

इसके अलावा, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) एक वैज्ञानिक विभाग होने के नाते मुख्य मंत्रालयों जैसे कृषि, मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेरी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय आदि के साथ मिलकर अनेक अनुसंधान परियोजनाओं पर अनुसंधान भागीदार के रूप में काम करता है ताकि सहयोगात्मक तरीके से अपने अपेक्षित लक्ष्यों और परिणामों को प्राप्त कर सके।

****